समिति की बैठक– समिति के बैठक प्रत्येक माह में एक बार ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्थात मंगलवार/शुक्रवार के दिन की जावेगी। जिसमें पिछले माह के कार्यो की समीक्षा किये जाने के साथ–साथ, आगामी माह की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

समिति प्रत्येक ग्राम सभा की बैठक में अपने किये गये कार्यो को प्रस्तुत करेगी। समिति स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़े योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति, लाभार्थियों की परिस्थितियाँ एवं आय–व्यय संबंधी जानकारियों एवं दस्तावेजों को संधारित करेगी।

<u>ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति का कार्य–</u>

1. ग्राम की प्रत्येक गर्भवती माता का गर्भ के तृतीय माह में ही पंजीयन सुनिश्चित करना।
2. पंजीकृत गर्भवती माताओं की प्रसव से पूर्व तीनों जांच अनिवार्य रूप से कराना।
3. आशा द्वारा गर्भवती माताओं से भेट एवं गर्भ से संबंधित जटिलता के बारे में जानकर अस्पताल में सूचित करना।
4. सभी गर्भवती माताओं का प्रसव चिकित्सालयों में सुनिश्चित कराना।
5. प्रसव के उपरांत तीनों जांच (48घंटे, 14 दिन एवं 42दिन) सुनिश्चित कराना।
6. जन्में सभी बच्चों का आंगनबाड़ी में वजन चैक कराना।
7. टीकाकरण योग्य समस्त बच्चों को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर उपस्थिति सुनिश्चित कराना।
8. वर्ष में प्रति छःह माह पर एक प्रतियोगिता का आयोजन करना जिसमें सबसे स्वस्थ्य बालक, अच्छी माता, अच्छा पति, अच्छी सास नामक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना जिसमें अधिकतम 200/– रूपये एक व्यक्ति को इनाम के रूप में दिया जावेगा। इस प्रतियोगिता में ए.एन.एम. एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का होना अनिवार्य होगा। तथा एक व्यक्ति एक ही बार प्रतियोगिता में शामिल हो सकेगा। एक प्रतियोगिता में अधिकतम 10 लोग ही भाग ले सकेंगे। इनाम का निर्धारण निम्नानुसार बिन्दुओं के आधार पर किया जावेगा।

क्र.	पुरूस्कार	हितग्राही चयन नियम	पात्रता

1	शक्तिमान (ग्राम का सबसे स्वस्थ्य शिशु)	• बच्चा किसी स्वास्थ्य संस्था पर पैदा हुआ हो। • बच्चे की उम्र के अनुसार समस्त टीके लग चुके हों। • बच्चा उम्र के मान से सामान्य ग्रेड का हो अर्थात आंगनबाड़ी पर नियमित वजन लिया जाता हो। • बच्चा शारीरिक/मानसिक रूप से स्वस्थ्य हो।	0 से 1 वर्ष तक के बच्चे
2	आदर्श सास पुरूस्कार	• गर्भवती माता को टिटनेस 1 एवं टिटनेस 2 के टीके आवश्यकतानुसार लगे हों। • गर्भवती माता की गर्भ के समय तक समस्त जांच करवाई हों। • सास घर के कार्यों में बहू का सहयोग करती हैं। • पोषण आहार के रूप में दुगुना खाने हेतु प्रेरित करती हैं। • सास बहू को प्रतिदिन आराम एवं अधिक वजन न उठाने हेतु सलाह देती हैं। • सास बहू को अस्पताल में ही जचकी करवाने के लिए सलाह देती हो।	ऐसी सासें जिनकी बहुएं गर्भवती हों।
3	आदर्श दम्पति पुरूस्कार	• दो बच्चों पर पति ने पुरूष नसबंदी अपनाई हो। • जीवित बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो गया हो। (उम्र के अनुसार) • पिछले 6 माह में बच्चे को कुपोषण के कारण स्वास्थ्य खराब न हुआ हो अर्थात बच्चा सामान्य ग्रेड का हो।	01 से 02 बच्चों वाले पति एवं पत्नी

3	आदर्श दम्पति पुरूस्कार	• बच्चे नियमित स्कूल/आंगनबाड़ी जाते हों। • दम्पत्ति के घर पूर्ण रूप से साफ–सफाई रहती हो। • परिवार नशा मुक्त हो। • दो बच्चों के बीच में कम से कम 3 वर्ष का अंतर हो। • पत्नी को खून की कमी न हो अर्थात पत्नी ऐनेमिक न हो। • यदि पत्नी गर्भवती हो तो पति द्वारा उसका नियमित प्रसव पूर्व जांच कराई जा रही हो। • घर में गर्भवती महिला को नियमित आयरन की गोलियां खिलाई जा रही हों। • महिला का वजन निर्धारित मापदण्ड अनुसार हो। • जिन दम्पत्तियों ने पति या पत्नी में से किसी ने दो बालिकाएं होने की स्थिति में भी नसबंदी करा ली हो तो उसे इनाम की राशि के उपरांत 100 रूपये अतिरिक्त प्रदान की जावेगी। दो बच्चों पर पति ने पुरूष नसबंदी अपनाई हो। • जीवित बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो गया हो। (उम्र के अनुसार) • पिछले 6 माह में बच्चे को कुपोषण के कारण स्वास्थ्य खराब न हुआ हो अर्थात बच्चा सामान्य ग्रेड का हो। • बच्चे नियमित स्कूल/आंगनबाड़ी जाते हों। • दम्पत्ति के घर पूर्ण रूप से साफ–सफाई रहती हो।	01 से 02 बच्चों वाले पति एवं पत्नी

3	आदर्श दम्पति पुरूस्कार	• परिवार नशा मुक्त हो। • दो बच्चों के बीच में कम से कम 3 वर्ष का अंतर हो। • पत्नी को खून की कमी न हो अर्थात पत्नी ऐनेमिक न हो। • यदि पत्नी गर्भवती हो तो पति द्वारा उसका नियमित प्रसव पूर्व जांच कराई जा रही हो। • घर में गर्भवती महिला को नियमित आयरन की गोलियां खिलाई जा रही हों। • महिला का वजन निर्धारित मापदण्ड अनुसार हो। • जिन दम्पत्तियों ने पति या पत्नी में से किसी ने दो बालिकाएं होने की स्थिति में भी नसबंदी करा ली हो तो उसे इनाम की राशि के उपरांत 100 रूपये अतिरिक्त प्रदान की जावेगी।	01 से 02 बच्चों वाले पति एवं पत्नी

9. गांव में 2 या 2 से अधिक संतान वाले दंपत्तियों को यदि उन्होंने नसबंदी/नलबंदी नहीं कराई है तो उस दंपत्ति को नसबंदी/नलबंदी/अन्य साधन उपयोग किये जाने हेतु प्रेरित कर पास की स्वास्थ्य संस्था में पहुंचाना।

10. यदि ग्राम का कोई व्यक्ति किसी भी बीमारी से पीड़ित हो चाहे वह कोई गंभीर बीमारी जैसे टी.बी./कैंसर आदि से ग्रसित है तो उसको समीपस्थ स्वास्थ्य संस्था के माध्यम से सलाह लेकर उचित जांच हेतु जिला अस्पताल तक पहुंचाना है जिससे जिला स्तर पर जांच कर उसे जिला बीमारी सहायता निधि या अन्य योजनाओं के तहत उस व्यक्ति के उपचार की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

11. आशा द्वारा प्रति माह बैठक में ग्रामवासियों को स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताना।

बैठक विवरण

ग्राम में प्रतिमाह माह के मंगलवार/शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया जावेगा जिसमें निम्नानुसार बिन्दुओं पर चर्चा कर कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

1. ग्राम की शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ है या नहीं।
2. यदि महिला का पंजीयन हो चुका है तो क्या महिला की तीनों जांच समय–समय पर हो चुकी हैं या हो रही हैं।
3. आशा द्वारा गर्भवती माताओं से समय–समय पर संपर्क किया जाता है या नहीं।
4. स्वास्थ्य कार्यकर्ता समय–समय पर ग्राम में भ्रमण करते हैं या नहीं।
5. यदि महिला का प्रसव हो चुका है तो प्रसव के 42 दिन तक की अवधि में किये जाने वाले तीनों जांच जो कि 2 दिन, 14 दिन एवं 42 दिन में होते हैं कराए जा रहे हैं या नहीं।
6. टीकाकरण योग्य समस्त बच्चों को टीके लग चुके हैं या नहीं।
7. ग्राम के ऐसे दंपत्ति जिनकी दो या दो से अधिक संतानें हैं तो क्या वे परिवार नियोजन के स्थाई साधन उपयोग कर रहे हैं या नहीं।
8. ग्राम में कोई टी.बी. का मरीज है तो क्या उसकी खंखार जांच हो चुकी है और हां तो क्या डॉट प्रोवाइडर द्वारा उसको नियमित रूप से दवा का सेवन कराया जा रहा है या नहीं।
9. ग्राम में संभावित लक्षण वाले क्षय रोगियों को नियमित चिन्हित कर स्वास्थ्य संस्थाओं पर भेजा जा रहा है या नहीं।
10. यदि ग्राम में कोई व्यक्ति बीमार है तो क्या उसका उपचार हो रहा है या नहीं यदि नहीं तो आशा द्वारा संबंधित को उपचार लिये जाने हेतु समझाइश देकर चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाना।
11. ग्राम में संक्रामक बीमारी फैलने की स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य संस्थान को सूचना देना तथा प्रतिमाह बैठक में समीक्षा करना।
12. ग्राम के ऐसे कोई बच्चे जो कुपोषित हों उनका उपचार होना शेष तो नहीं रह गया है।
13. समिति द्वारा व्यय की गई राशि की समीक्षा।

कार्यवाही विवरण

आज दिनांक —————————————— को आंगनबाड़ी केन्द्र पर ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के अवसर पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति के निम्नानुसार सदस्य उपस्थित हुए।

क्र.	उपस्थित व्यक्ति का नाम	पद	हस्ताक्षर
1			
2			
3			
4			
5			
6			
7			

आज की बैठक में सर्वसम्मति से निम्नानुसार बिन्दुओं पर चर्चा कर कार्य कराये जाने का निर्णय लिया गया–

क्र.	प्रस्तावित बिन्दु	क्या कार्यवाही की जावेगी	किसे कार्यवाही करना है
1	ग्राम की शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ है या नहीं।		
2	ग्राम की कोई गर्भवती महिला ऐसी तो नहीं बची है जिसकी प्रसव से पहले वाली जांच होना बाकी है।		
3	आशा द्वारा गर्भवती माताओं सेसमय–समय पर संपर्क किया जाता है या नहीं।		
4	स्वास्थ्य कार्यकर्ता समय–समय पर ग्राम में भ्रमण करते हैं या नहीं।		
5	यदि महिला का प्रसव हो चुका है तो प्रसव के 42 दिन तक की अवधि में किये जाने वाले तीनों जांच जो कि 2 दिन, 14 दिन एवं 42 दिन में होते हैं कराए जा रहे हैं या नहीं।		
6	टीकाकरण योग्य समस्त बच्चों को टीके लग चुके हैं या नहीं।		

क्र.	प्रस्तावित बिन्दु	क्या कार्यवाही की जावेगी	किसे कार्यवाही करना है
7	ग्राम के ऐसे दंपत्ति जिनकी दो या दो से अधिक संतानें हैं तो क्या वे परिवार नियोजन के साधन उपयोग कर रहे हैं या नहीं।		
8	ग्राम में कोई टी.बी. का मरीज है तो क्या उसकी खंखार जांच हो चुकी है और हां तो डॉट प्रोवाइडर द्वारा उसको नियमित रूप से दवा का सेवन कराया जा रहा है		
9	ग्राम में संभावित लक्षण वाले मरीजों को चिन्हित कर स्वास्थ्य संस्थाओं पर भेजा जा रहा है या नहीं।		
10	यदि ग्राम में कोई व्यक्ति बीमार है तो क्या उसका उपचार हो रहा है या नहीं।		
11	हितग्राही नामावली का नियमित संधारण हो रहा है या नहीं।		
12	ग्रेड 3 एवं 4 के बच्चों को एन.आर.सी. में उपचार हेतु भेजा जा रहा है या नहीं।		
13	घरेलू हिंसा		

समिति इस प्रकार से कार्य करे कि कोई भी प्रसव घर पर न हो एवं समस्त प्रसव अस्पताल में ही हों। इस हेतु जिले के आवश्यक संपर्क नंबर सहित विभिन्न अस्पतालों एवं वाहनों के संपर्क नंबर आपकी पुस्तिका में उपलब्ध हैं। इसके कार्य में कोताही बरते जाने पर समिति के सदस्यों पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकती है। अतः **"ग्राम स्वस्थ्य तो हम स्वस्थ्य"** के नारे को ध्यान में रखकर पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें।

'krifr'kr lLFkkxr ilo grq iFkd ls dk;Z;kstuk

स्वास्थ्य की परिकल्पना के आधार पर सुरक्षित प्रसव उत्तम स्वास्थ्य की एक बहुत बड़ी कड़ी है परंतु संसाधनों एवं दुर्गम क्षेत्रों के कारण वर्तमान में संस्थागत प्रसव औसतन 40 से 45 प्रतिशत तक ही हो पा रहा है। असुरक्षित प्रसव ही मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर का कारण होता है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। यह तभी संभव हो सकता है जब संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत हो सके अर्थात जिले में होने वाले प्रत्येक प्रसव को संस्था पर ही कराया जा सके। डिण्डौरी जिले में संस्थागत प्रसव की स्थिति प्रस्तुत सारणी अनुसार है।

क्र.	वर्ष	कुल प्रसव	संस्थागत प्रसव	अंतर
1	2006-07	17861	3828	14033
2	2007-08	16688	6521	10167
3	2008-09	16882	6932	9950



lLFkkxr izlo dh fLFkfr

शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु निम्नानुसार व्यवस्था लागू की गई है। ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के पास नगद राशि रखने हेतु एक कैश बॉक्स रहेगा जिसकी एक चाबी आशा कार्यकर्ता तथा दूसरी चाबी समिति की अध्यक्ष के पास रहेगी। समिति के पास ग्राम के समीप ही ऐसे व्यक्ति जिनके पास चार पहिया वाहन हैं उनकी सूची (फोन नम्बर सहित) रहेगी। आवश्यकता होने पर प्रसव के लिए गर्भवती महिला को इन वाहनों का उपयोग कर निकटतम चिकित्सीय संस्था भेजा जायेगा। इस व्यवस्था में आने वाले व्यय की पूर्ति समिति द्वारा संधारित कैश बॉक्स से की जायेगी।

वर्तमान में जिले में 13 संस्थाएं ऐसी हैं जहां संस्थागत प्रसव कराए जाते हैं। इनमें से 6 ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं जहां संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध है। अतः संपूर्ण जिले में वित्तीय वर्ष 2009–10 में 23 नवीन संस्थाओं को उन्नयित कर प्रसव हेतु तैयार किया जा रहा है, जिससे की संस्थागत प्रसव को बढ़ाया जा सके। इसके लिए जिले स्तर पर एक समिति का गठन कर निम्नांकित 23 संस्थाओं का सर्वे कर प्रसव हेतु इनकी प्राथमिक आवश्यकताओं का आंकलन किया जावेगा जिससे मापदंडों को पूर्ण कर संस्थाओं पर प्रसव सुनिश्चित कराया जा सके।

इस हेतु विकासखंडवार निम्नांकित संस्थाओं को चिन्हित किया जाकर खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को चेक लिस्ट प्रदान की जा चुकी है। चेक लिस्ट प्राप्त होने के उपरांत आवश्यकताओं का आंकलन कर जिला/विकासखंड स्तर/कन्वर्जेंस (लोक निर्माण विभाग/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय/विद्युत विभाग/जिला पंचायत) से उन संस्थाओं में प्रसव की सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दी जावेगी। 15 अक्टूबर तक उन्नयन का कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा।

क्र.	विकासखंड का नाम	स्वास्थ्य संस्था का नाम व प्रकार
1	अमरपुर	प्रा.स्वा.के.कमको मोहनिया
2		उप स्वा.के. खैरदा
3		उप स्वा.के. निघौरी
4		उप स्वा.के. बोधघुण्डी
5		उप स्वा.के. देवरी
6	समनापुर	उप स्वा.के. जाड़ासुरंग
7		उप स्वा.के. बम्हनी
8		उप स्वा.के. छांटा
9	बजाग	उप स्वा.के. खरगहना
10		उप स्वा.के. मझियाखार
11	करंजिया	प्रा.स्वा.के. बहारपुर
12		प्रा.स्वा.के. गोरखपुर

क्र.	विकासखंड का नाम	स्वास्थ्य संस्था का नाम व प्रकार
13	डिण्डौरी	प्रा.स्वा.के. सारसताल
14	शहपुरा	प्रा.स्वा.के. कोहानी देवरी
15		प्रा.स्वा.के. मानिकपुर
16		प्रा.स्वा.के. बिछिया
17		प्रा.स्वा.के. कस्तूरी पिपरिया
18		उप स्वा.के. इंदौरी
19		उप स्वा.के. गुतलवाह
20		उप स्वा.के. भामा
21		उप स्वा.के. बरोदी
22		उप स्वा.के. चंदवाही
23		उप स्वा.के. बांसा

शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य कार्यकता तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता की व्यक्तिगत जिम्मेदारी नियत की गई है। अगर प्रसव संस्था में नहीं होता है तो ऐसे प्रत्येक प्रकरण में स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता पर क्रमशः रूपये 500 तथा रूपये 300 का आर्थिक दण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

आशा है उपरोक्त व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन से शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव के उद्देश्य की प्राप्ति होगी।

'kr ifr'kr xHkZorh efgykvk ,o uotkr f'k'kvk dk Vhdkdj.k

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की मासिक बैठकों का एक प्रमुख एजेण्डा गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का शतप्रतिशत टीकाकरण भी है। प्रत्येक समिति की बैठक के पश्चात कार्यवाही विवरण सेक्टर सुपरवाइजर संकलित कर ब्लॉक मेडिकल अस्पताल में संधारित होगा तथा जो गर्भवती महिलायें व नवजात शिशुओं टीकाकरण से वंचित रह गये हैं। उनका फालोअप कर टीकाकरण किया जायेगा।

v/kRo fuokj.k ,o 'kkyk e v/;;ujr Nk=@Nk=kvk dk u= ijh{k.k djuk

प्रायः यह देखा गया है कि ग्रामीण व विकासखंड स्तर पर नेत्र चिकित्सक न होने से कई छात्र/छात्रायें कमजोर दृष्टि होने के उपरांत भी समय पर इलाज नहीं करा पाते हैं तथा सम्पूर्ण छात्र जीवन कमजोर दृष्टि के साथ ही बीत जाता है। इस स्थिति को देखते हुये जिले के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया जायेगा तथा जिन छात्रों की दृष्टि कमजोर है उन्हे चश्में प्रदाय किये जायेंगें। पायलट परियोजना के तहत सर्वप्रथम बजाग विकासखण्ड के सभी शालाओं मे नेत्र परीक्षण कर कमजोर छात्र/छात्राओं को चश्में वितरित किये जायेंगें।

ikt DV Lekby

स्माइल कार्यक्रम अंतर्गत जिले में शतप्रतिशत कटे–फटे होठ/तालु से पीड़ित व्यक्तियों का ऑपरेशन किये जायेंगें। कन्र्वजेंस प्लान में यह लक्ष्य रखा गया है कि वित्तीय वर्ष 2009–10 में जिले में कटे–फटें होंठ/तालु (विशेषकर बालिकाओं) के ऑपरेशन कर मुख्य मंत्री कन्या दान योजना अंतर्गत बालिग कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जायेगा।

dk;l;ktuk

क्र	गतिविधि	नोडल अधिकारी	लक्ष्य		वित्तीय संसाधन		क्रियान्वयन एजेंसी	समय सीमा	रिमार्क
			गतिविधि का विवरण	संख्या	विभाग/ योजना/ मद	राशि (लाख में)			
1	ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति	अरविंद उपाध्याय	समस्त 897 ग्रामों में आशा का चयन किया जाकर समिति का गठन करना।	897	एन.आर.एच.एम.	89.70	NRHM	अक्टूबर–09	
2	शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव	डॉ.बी.एस.भलावी	• जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रसूती सहायता प्रदाय करना।	12886	शासन से प्राप्त आवंटन	330.86	CMHO	पूरा वर्ष	
			• मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रसूती सहायता प्रदाय करना।		मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना		BMO & CEO, JP		
			• सभी प्राथमिक स्वास्थ्यों केंद्रो में प्रसव हेतु अधोसंरक्षना व सुविधाओं सुनिश्चित करना।		ग्राम पंचातय की मूलभूत, 12 वें वित्त की राशि से।		CMHO & CEO, ZP		
3	टीकाकरण	डॉ.अजय राज	टीकाकरण योग्य समस्त बच्चों को समस्त टीके समय से लगाना।	100 प्रतिशत	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	34.98	ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति	पूरा वर्ष	
4	बैगा चक एवं वन ग्रामों चलित अस्पताल सुविधा उपलब्ध कराना।	डॉ.बी.एस. भलावी	बैगा चक एवं वन ग्रामों चलित अस्पताल सुविधा उपलब्ध कराना।		मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी		CMHO		
5	जिला बीमारी सहायता निधि	मुख्य चिकित्सा एवं स्वा.अधिकारी	शासन द्वारा चिन्हांकित गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु राशि स्वीकृत करना।	100 प्रतिशत	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	15.00	CMHO, सामाजिक न्याय केंद्र	पूरा वर्ष	
6	अंधत्व निवारण	डॉ. एम.एल. अग्रवाल	बजाग विकासखंड के समस्त शालाओं में दर्ज बच्चों का नेत्र परीक्षण	12000	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	1.50	CMHO	अक्टूबर	
7	स्माइल कार्यक्रम	मुख्य चिकित्सा एवं स्वा.अधिकारी	जिले में कटे फटे होंठों वाले बच्चों के ऑपरेशन	.	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	-	CMHO	31 अक्टूबर 09	
8	लाड़ली लक्ष्मी योजना	CDPO	लाडली लक्ष्मी योजनांतर्गत पात्रता अनुसार शतप्रतिशत पंजीयन।	3000	महिला बाल विकास	25.76	DPO	पूर्ण वर्ष	

f'k{kk

म0प्र0 में महत्वाकांक्षी शिक्षा गारंटी कार्यक्रम कम लागत में दूरस्थ ग्रामों एवं आदिवासी मजरा टोलों में शिक्षा पहुचाने का बहुत अच्छा कार्यक्रम हैं जोकि भारत सरकार के सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है। इस अभियान से प्राथमिक शिक्षा लगभग सभी क्षेत्रों में उपलब्ध है। आवश्यकता इस बात की है कि बच्चे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। यह अभियान केवल कागजो में न रहकर जमीनी हकीकत बन सके। बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ प्राथमिक स्तर पर मध्यान्ह भोजन भी दिया जा रहा है। ताकि उनकी रूचि शाला आने में बढे एवं वे पढने में भी रूचि लें ताकि बच्चों के शालाओं में दर्ज संख्या में बढोत्तरी हो सके।

ikFkfed fo|ky;	1390
ek/;fed fo|ky;	333
vkJe 'kkyk	31
tu f'k{kk dUn ¼ldy½	102
tuin f'k{kk dUn ¼ch-vkj-lh-½	7
gkbl Ldy	58
gk;j ldUMjh Ldy	28
tokgj ukokn; fo|ky;	1
egkfo|ky;	2
0;olkf;d ,o vU;	1
vkbl-Vh-vkbl-& 'kgijk	1

प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं हाईस्कूल तक की शिक्षा की पूर्ति सर्व शिक्षा अभियान से अच्छी तरह की जा रही है। इन स्तरों पर कुछ अधोसंरचनात्मक कमियां हैं उन्हें आगामी वर्षो में सर्वशिक्षा अभियान से पूरा किया जा सकता है। डिण्डौरी जिले में शिक्षा के क्षेत्र में आदिम अति पिछडी जनजाति के बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने तथा हाई एवं हायर सेकेंड्री स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं जिनमें प्रयोगशाला, बोर्ड कक्षाओं हेतु फर्निचन एवं उपकरण आदि दिये जाना आवश्यक है ताकि उच्चतर एवं उच्च शिक्षा को बढावा दिया जा सके । जोकि शिक्षा क्षेत्र में जिले की प्राथमिक कमी समझ में आती है। महिला साक्षरता एवं ग्रामीण साक्षरता के लिए उद्यमिता विकास कार्यक्रम एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ प्रौढ शिक्षा एंव महिला साक्षरता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए ।

रोजगार गारंटी योजना का लाभ लेते हुए सर्व शिक्षा अभियान, ट्राईवल योजनाएं, एसजीएसवाइ, आई टी डी पी, एवं अन्य योजनाओं के साफ्ट फण्ड का उपयोग करते हुए रोजगार गारंटी योजना में स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों को कार्य प्रारंभ होने से पूर्व

एवं कार्य समाप्त होने पर लगभग एक घण्टे प्रति कार्य दिवस साक्षरता के संबंध में शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिया जाना एक अभिनव प्रयोग हो सकता है।

डिण्डौरी जिले में साक्षरता एवं शिक्षा अभी भी पिछड़ेपन के स्तर पर है। 2001 जनगणना के अनुसार जिले की 54.49 प्रतिशत जनसंख्या शिक्षित है। जो कि राजकीय औसत 64.11 प्रतिशत एवं राष्ट्रीय औसत 65.38 प्रतिशत से कुछ कम है।

जिला साक्षरता में शिक्षा सुविधाओं के न होने के कारण काफी पिछड़े है। आदिवासी बच्चों के माता–पिता बच्चों को स्कूल भेजने में रूचि नहीं लेते है इसका मुख्य कारण महिला साक्षरता (32 प्रतिशत) में कमी है। बच्चों के स्कूल न जाने का दूसरा मुख्य कारण प्राथमिक शिक्षा के बाद सही मार्गदर्शन न मिलना एवं पैसे की व्यवस्था न हो पाना है। उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं करने से बच्चे कुपोषण एवं विभिन्न बीमारियों का शिकार तो होते ही है लेकिन किशोर अवस्था तक आते–आते बेरोजगारी एवं आजीविका की समस्या उन्हें घेर लेती है जिसके कारण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले युवा भी बेरोजगारी के चंगुल में फंस जाते है एवं वे अपने परिवार के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाएँ एवं खाद्यान्न भी नहीं जुटा पाते जिसके कारण परिवारों में अत्यन्त गरीबी है। साक्षरता एवं महिला जागरूकता में कमी के कारण महिलाएँ सुरक्षित प्रसव एवं कुपोषण आदि की समस्याओं से अनभिज्ञ है।

'k{kf.kd Lrj vk; ,o fyx d vulkj tul[;k

vk; 7 ,o mld Åij fM.Mkjh&2001

dy ;kx	vk; leg	f'kf{kr	f'kf{kr fcuk f'k{kk Lrj d	ikFkfed d uhp	ikFkfed	ek/;fed	mPp ek/;fed	gk;j ldMjh	xj rduhdh fMIykek	Lukrd vkj vf/kd
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
डिण्डौरी	7-9	62-3	0-8	61-0	0-6	0-0	0-00	0-00	0-00	0-00
	10-12	76-8	0-9	50-8	24-5	0-5	0-00	0-00	0-00	0-00
	13-16	75-8	1-7	14-4	39-4	18-1	2-17	0-00	0-00	0-00
	17-24	66-0	3-3	9-4	19-0	19-5	8-00	5-48	0-00	1-31

Ldwyksa esa Nk=ksa dh ntZ la[;k Lrj

lkekftd i{k=	bdkbZ	vof/k	fM.Mksjh
प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय	संख्या	2000.01	1016
प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के नामांकित छात्र	’000 संख्या	2000.01	97
प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक	संख्या	2000.01	2507
हायर सैकेण्ड्री विद्यालय	संख्या	2000.01	63
हायर सैकेण्ड्री के नामांकित छात्र	’000 संख्या	2000.01	11

जिले में आदिवासी बसाहटे दूर बसी होने के कारण तथा पहाड़ी एवं पठारी अथवा वन क्षेत्र में होने के कारण दुर्गम हैं, जिसके कारण ईंधन बटोरने, पानी लाने, मजदूरी करने अथवा अन्य दैनिक कार्यों में बच्चे अपने मॉ के साथ जाते है तथा वे स्कूल नहीं जा पाते जिसके कारण विद्यालयों में छात्रों की दर्ज संख्या में कमी होती है। गरीबी एवं आजीविका के साधन नहीं होने के कारण बच्चे भी मजदूरी के लिए मजबूर हो जाते है एवं वे शाला त्यागी हो जाते है।

lkekftd U;k;

2001 की जनगणना अनुसार डिण्डौरी जिले की कुल जनसंख्या 580730 है। जिसमें से पुरूष 291716 एवं महिला 289014 जनसंख्या है। जिले में पुरूष एवं महिला अनुपात 983 है। कुल जनसंख्या में से 374447 (64.48 प्रतिशत) अनुसूचित जनजाति, 33848 (5.83 प्रतिशत) अनुसूचित जाति है। ग्रामीण जनसंख्या 553860 (95.37 प्रतिशत) एवं शहरी 26870 (4.63 प्रतिशत) है। जिले के 46.36 प्रतिशत किसान, 86.51 प्रतिशत भूमि का उपयोग करते है। डिण्डौरी जिला मध्यप्रदेश के 39.7 प्रतिशत किसानों की तुलना में 78.44 प्रतिशत भूमि का उपयोग करते है, इसी प्रकार सीमान्त भूमि धारक 5.04 प्रतिशत है, जबकि किसान 36.1 प्रतिशत है, मध्यप्रदेश में सीमान्त भूमि धारक 6.85 प्रतिशत है एवं किसान 35.5 प्रतिशत है। अतः स्पष्ट है कि जिले के अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से सुदृड़ नही है । सामाजिक न्याय एवं सामाजिक उत्थान हेतु केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। डिण्डौरी जैसे आदिवासी बाहुल्य जिले में इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अति आवश्यक है । अतः कर्न्वेजेंस प्लान में सामाजिक न्याय प्रमुख स्थान रखता है। कर्न्वेजेंस प्लान में सामाजिक न्याय सेक्टर के मुख्य बिन्दु

1- मुख्यमंत्री मजदूर सरुक्षा योजना, आम आदमी बीमा योजना,जनश्री बीमा योजना औरं भवन सनिर्माण एवं कर्मकार मण्डल योजना के अंतर्गत शत–प्रतिशत पंजीयन ।
2. मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना एवं भवन सनिर्माण एवं कर्मकार मण्डल योजना के प्रावधानों का उपयोग कर शत–प्रतिशत संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना।मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना अंतर्गत दी जाने वाली प्रसुति सहायता हेतु राशि जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत दी जाने वाली राशि के साथ सम्मिलित कर एक साथ ही जारी करना।
3. राजस्व परिपत्र संहिता (RBC) के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता के प्रकरणों की जांच रिपोर्ट आदि अभिलेखों में मुख्यमंत्री मजदूर सरुक्षा योजना, आम आदमी बीमा योजना, जनश्री बीमा योजना औरं भवन सनिर्माण एवं कर्मकार मण्डल योजना के प्रावधानों को निहित कर संयुक्त प्रकरण तैयार एवं स्वीकृत करना।
4. जिले स्तर पर सामाजिक न्याय से संबंधित योजनाओं के अनुश्रवण एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामाजिक न्याय केन्द्र की स्थापना।

जिले में सामाजिक न्याय केंद्र की स्थापना

सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं में अनेक प्रकार के आवेदन भरे जाते है। जिनका परीक्षण उपरांत ही पात्रता का निर्धारण किया जाता है। प्रायः आवेदनकर्ता को प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी न होने के कारण यह कई कार्यालयों में जाते है तथा प्रकरण स्वीकृति की आशा में सभी जगह आवेदन देते है। परंतु कार्यालयीन व्यवस्था में प्रत्येक आवेदन पर कार्यवाही करना संभव नहीं हो पाता है। जिसके कारण कई पात्र हितग्राही भी सामाजिक सुरक्षा हेतु शासन द्वारा संचालित कई योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते है। उक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुये जिले की संयुक्त कलेक्टर कार्यालय परिसर में ही ^^lkekftd U;k; dUn** की स्थापना की जा रही है। lkekftd U;k; dUn सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता करेगा। lkekftd lqj{kk ;kstuk से संबंधित समस्त आवेदन इसी केंद्र पर एकत्रित कर निराकृत किये जायेगें।

जिला कार्यालय में अधिकांश आवेदक सामाजिक सुरक्षा की किसी योजना से जुड़े लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन करते है। इस स्थिति को देखते हुये lkekftd U;k; dUn सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी समस्त योजनाओं का Single Window निराकरण केंद्र होगा। आवेदन प्राप्त होने पर एक निश्चित समयावधि में आवेदनों का निराकरण कर पात्रता/अपात्रता की सूचना आवेदनकर्ता को दी जायेगी। प्रायः यह देखा गया है कि कई प्रकरणों में आवेदक को पात्रता नहीं होती है इसके उपरांत भी निरंतर आवेदन प्रस्तुत करता रहता है क्योंकि उसे पात्रता के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी जाती है। lkekftd U;k; dUn के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जावेगा कि समस्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर पात्र प्रकरणों को स्वीकृत किया जाये तथा अपात्र प्रकरणों को अस्वीकृत कर संबंधित आवेदनकर्ता को दी जायेगी। जिससे अपात्र हितग्राही प्रकरण निरस्ती की संपूर्ण जानकारी पाकर अगले बार से बार–बार आवेदन नहीं करेगा।

lkekftd U;k; dUn के क्रियान्वयन तथा संचालन में होने वाला व्यय सामाजिक न्याय की योजनाओं के प्रशासनिक मद से वहन किया जावेगा।

सामाजिक न्याय पंजी

शासन संचालित सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के शत–प्रतिशत पंजीयन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक **lkekftd U;k; iath** का संधारण किया जायेगा। इस पंजी में योजनावार ग्राम पंचायत में निवासरत व्यक्तियों का पात्रता के आधार पर शत–प्रतिशत पंजीयन किया जाकर योजना का लाभ दिया जावेगा। सामाजिक न्याय पंजी के संधारण व अद्यतन स्थिति की समीक्षा ग्राम सहायक करेंगे।

dk;l;k tuk

क्र	गति विधि	नोडल अधिकारी	लक्ष्य		वित्तीय संसाधन		क्रियानवयन ऐजन्सी	भौगोलिक क्षेत्र	समय सीमा	रिमार्क
			गतिविधि का विवरण	संख्या	विभाग/योजना/मद	राशि				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	मुख्य मंत्री मजदूर सुरक्षा योजना	उप संचालक सामाजिक न्याय	1–प्रसूति सहायता के अंतर्गत 1000/–तथा 06 सप्ताह की प्रचलित दर पर मजदूरी तथा पति को 15दिवस की मजदूरी ।यदि जननी सुरक्षा योजना से राशि दी जाती है तो प्रसूती सहायता मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना से नही दी जावेगी। ब्लाक मेडिकल आफिसर को पंजीकृत मजदूरों की सूची एवं राशि भेजना । जब महिला प्रसव के लिऐ अस्पताल में आती है । और वह पंजीकृत परिवार की है तो उसे प्रसव के बाद अस्पताल से छुट्टी के पूर्व बी0एम0.ओ0 द्वारा रूप्या 5430/–का एकाउन्ट पेई चैंक दिया जावेगा ।	मांग अनुसार	शासन से आबंटन प्राप्त होता है।	–	ग्राम पंचायत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत	जिला डिण्डौरी	निरंतर	विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी को अग्रिम राशि प्रदाय कर जननी सुरक्षा योजना के चैक के साथ मुख्य मंत्री मजदूर सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रसूति सहायता का चैंक भी दिया जायेगा।
			2–छात्रवृत्तिः–अ0जा0/अ0ज0जा/अन्य पिछडा वर्ग की छात्रवृत्ति प्राप्त होने पर इस योजना से राशि नही दी जाती।		शासन से आबंटन प्राप्त होता है। –			जिला डिण्डौरी		
	,,	,,	3– मेघावी छात्रवृति :–यदि अन्य शासकीय विभाग से लाभ न मिले तब प्रचलित दर पर इस योजना से लाभ दिया जावेगा।	–	–शासन से आबंटन प्राप्त होता है।	–		जिला डिण्डौरी	–	–
	,,	,,	4– विवाह सहायता –मुख्य मंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह में विवाह करने पर 6500/–की	–	–शासन से आबंटन प्राप्त होता है।		मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत	जिला डिण्डौरी	–	–

			सामग्री सहायता दी जाती है।							
,,	,,		5– चिकित्सा सहायता–पजीबंद्ध श्रमिक के किसी सदस्य के बीमार होनेकी दशा में दीनदयाल अन्त्योदय उपचार योजना के अंतर्गत अधिकतम रूप्या 20000/–तक की सहायता दी जावेगी।	–	–शासन से आबंटन प्राप्त होता है।	–	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	जिला डिण्डौरी	–	–
,,	,,		6– दुर्घटना मृत्यु में अनुग्रह सहायताः– आम आदमी बीमा योजना के अंतर्गत दुर्धटना के कारण मृत्यु होने पर रूप्या 75000/–की सहायता दी जाती है।	–	–शासन से आबंटन प्राप्त होता है।	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत	जिला डिण्डौरी	–	–
			7– मृत्यु की दशा में अन्त्येष्टी सहायताः– पंजीबंद्ध श्रमिक की मृत्यु होने की दशा में अन्त्येष्टि के लिऐ दो हजार रूप्या की सहायता उपलब्ध कराई जावेगी।		–शासन से आबंटन प्राप्त होता है।			जिला डिण्डौरी		
2	आम आदमी बीमा योजना	जिला पंचायत	आम आदमी बीमा योजना के तहत भूमि हीन ग्रामीण मजदूरों को मृत्यु पर बीमा लाभ के लिये यह योजना संचालित है। इसकी समय सीमा 1–4–2009 से 31–3–2010 तक हैं 1–4–09 से 30–8–09 तक के आर0बी0सी0 06(4)के प्रकरण तहसीलदारों से उपसंचालक प्राप्त करेगें। 30 अगस्त 09 के पश्चात आर0बी0सी 6(4)के प्रकरण तैयार करते समय भूमिहीन होने के प्रमाण पत्र सहित पटवारी,, आम आदमी बीमा योजना का दावा प्रपत्र भरकर ही प्रकरण आगे बढायेगें ।	–	जीवन बीमा निगम	–	ग्राम पंचायत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत		15–9–09 तक जीवन बीमा निगम को भेजना	
3	जनश्री बीमा	जिला पंचायत	बी0पी0एल परिवारों के लिऐ मध्य प्रदेश शासन द्वारा शहरी/ग्रामीण लोग जो	–	जीवन बीमा निगम	–	ग्राम पंचायत एवं मुख्य कार्यपालन	–	–	–

	योजना		म0प्र0शासन की अन्य योजना यथा आम आदमी बीमा योजना तथा मुख्य मंत्री मजदूर सुरक्षा में सम्मलित नही है । उनके लिये जनश्री बीमा योजना प्रारंभ की गई है। इसकी समय सीमा 1–1–09 से 31–12–09 तक होगी । इसके तहत आर0बी0सी 6(4)के प्रकरण तैयार करते समय पटवारी जनश्री बीमा योजना का दावा प्रपत्र प्रकरण के साथ तैयार कर आगे बढायेगें।				अधिकारी जनपद पंचायत			

अधोसंरचना विकास के आभाव में आर्थिक प्रगति की संभावनायें स्वतः समाप्त हो जाती हैं। विशेषकर आदिवासी बाहुल्य जिलों में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति उपलब्ध अधोसंरचना की स्थिति पर निर्भर करती है। प्रायः निजी सेक्टर द्वारा उन्हीं क्षेत्रों में निवेश किया जाता है जहां पर आधारभूत अधोसंरचनायें विकसित रूप में उपलब्ध हों। केंद्र शासन व राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अधोसंरचना के माध्यम से द्रुत गति से विकास किया जा रहा है। अतः डिण्डौरी जिले के कर्न्वजेंस प्लान में विकास हेतु अधांसरचना की उपलब्धता विशेष महत्व रखती है। इसलिये कर्न्वजेंस प्लान अंतर्गत अधोसंरचना विकास को दृष्टिगत रखते हुये वन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि विभाग आदि के संयुक्त तत्वाधान में कार्ययोजना तैयार की गई है।

ou foHkkx d lkFk dUotsUl

डिण्डौरी जिला में वन क्षेत्र 2307.454 वर्ग कि0मी0 में फैला हुआ है जो कि कुल क्षेत्रफल का 37.7 प्रतिशत है। इस क्षेत्र में से संरक्षित वन क्षेत्र 2285.84 वर्ग कि0मी0 एवं सुरक्षित वन 21.608 वर्ग कि0मी0 है। डिण्डौरी जिले के वन आर्द्र उच्च साल वन है। वन क्षेत्र के अन्तर्गत 86 ग्राम वन ग्राम है जहॅा पर वन संरक्षण अधिनियमों के कारण विकास नहीं हो पाया है। जिले के प्रमुख वन उत्पाद लकड़ी जिसमे साल, सागौन, सरई प्रमुख है। जिले में लघु वनउपज के रूप में बहुमूल्य औषधी पौधों की प्रजातियॅा एवं तेदू पत्ता, अचार की चिरौजी, हर्रा, बहेड़ा, महुआ आदि है। जिले में वनों से लघु वनउपज का संग्रहण ज्यादातर आदिवासी जिनमें महिलाए प्रमुख है, करते है। जिले के वन क्षेत्र का 640.70 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र भारत सरकार द्वारा चिन्हित अचानकमार–अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व क्षेत्र में आता है जिसे यूनिसेफ द्वारा मैब नेटवर्किंग प्रोग्राम के तहत् चिन्हित किया गया है। इस क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं विश्व के स्तर से भी अधिक औसत जैव विविधता है जिसके कारणविदेशी एवं देश के पादप वैज्ञानिकों एवं अनुसंधानकर्ताओं के लिए विशेष रूचि का क्षेत्र है। सघन वन होने के कारण वन संपदा से जुड़ी आजीविका एवं जैव पर्यटन की अपार संभावना है।

ou foHkkx d lkFk dUotsl d iejk fcUn

1- जिले के समस्त वन मार्गो का राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर उन्नयन करना।

2. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले के समस्त वन ग्रामों में निवासरत मजदूरों के लिए अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत करना।

3. Eco Tourism की आपार संभावनाओं को देखते हुये पर्यटन विकास हेतु प्रयास करना।

4. जिले के समस्त वन ग्रामों का वन विकास अभिकरण और राजीव गांधी अक्षय ऊर्जा मिशन के माध्यम से विद्युतीकरण करना।

5. वन ग्राम में निवासरत भूमिहीन या सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछडे परिवारों को आजीविका विकास हेतु लघु वनोपज जैसे महुआ, चिरौजी, आंवला, औषधी पौधे एवं उत्पाद, माहुल पत्ता, शहद संग्रहण, लाख उत्पादन आदि गतिविधियों से जोडना।

dUotsUl lsodkl

6. जिन वन ग्रामों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत भण्डारण हेतु गोदाम नहीं है वहां पर विश्व खाद्य कार्यक्रम अंतर्गत निर्मित भवनों का भण्डारण हेतु उपयोग करना।

7. वन विकास अभिकरण से राशि प्राप्त कर मिट्टी तेल के भण्डारण हेतु टेंक क्रय करना।

dk;l;kt uk

क्र	गति विधि	नोडल अधिकारी	लक्ष्य		वित्तीय संसाधन		क्रियानवयन ऐजन्सी	भौगोलिक क्षेत्र	समय सीमा	रिमार्क
			गतिविधि का विवरण	संख्या	विभाग / योजना / मद	राशि				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	वन मार्गो का उन्नयन	SDO Forest	जिले के समस्त वन मार्गो का उन्नयन करना।	वन विभाग द्वारा प्रेषित प्रस्ताव अनुसार	NREGA		वन विभाग	वन ग्राम	1. प्रस्ताव प्रेषित करना 05.10.09 2. प्रशा.स्वीकृति जारी करना 15.10.09	
2	Eco Tourism	जिला पंचायत एवं पर्यटन विभाग	Eco Tourism हेतु पर्यटन विकास का प्रयास करना।	–	BRGF, MPRLP, SGSY		जिला पंचायत एवं वन विभाग	कबीर मय खुरखुरीदादर, चांडा, जगतपुर	15 अक्टूबर 09	म.प्र. पर्यटन विकास निगम से tie up
3	वन ग्रामों में विद्युतीकरण	श्री प्रवीण तिवारी (सहा.यंत्री, रा.गां.अ. ऊर्जा मिशन)	जिले के समस्त वन ग्रामों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना।		1. राजीव गांधी अक्षय ऊर्जा मिशन 2. वन विकास अभिकरण		1. राजीव गांधी अक्षय ऊर्जा मिशन 2. वन विकास अभिकरण	वन ग्राम	1. 15.10..09 तक वन विकास अभिकरण द्वारा हितग्राही संख्या के मान से राशि जमा करना। 2. 31.12.09 तक सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित करना।	

4	सार्वजनिक वितरण अंतर्गत खाद्यान्न भण्डारण	श्री तिवारी, खाद्य निरीक्षक	वन ग्रामों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत भण्डारण हेतु विश्व खाद्य कार्यक्रम अंतर्गत निर्मित भवनों का उपयोग।		FDA, ARCS				1. 15.10.09 तक चिन्हांकन करना। 2. 30.10.09 तक मरम्मत कार्य करना।	
5	मिट्टी तेल के भण्डारण हेतु टेंक क्रय	श्री तिवारी, खाद्य निरीक्षक	वन विकास अभिकरण से राशि प्राप्त कर मिट्टी तेल के भण्डारण हेतु टेंक क्रय करना।		FDA,				1. 15.10.09 तक चिन्हांकन करना। 2. 30.11.09 तक क्रय।	

i/kku e=h xzke lMd ;kstuk

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनांतर्गत डिण्डौरी जिला आदिवासी बाहुल्य होने के कारण 250 तक की जनसंख्या की जनसंख्या वाले ग्रामों को ब्लेकटॉप रोड़ मार्गों से जोड़ा जा रहा है। जिले में रोडो एवं मार्गो की कुल लंम्बाई लगभग 1758 किलो मीटर है जिसमे से 768 किलो मीटर पक्की एवं 990 किलो मीटर कच्ची सड़के है। जिले में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं पंचायतों की सड़के है।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत प्रस्तावित तथा निमार्णाधीन मार्गो के कार्य स्थल पर होने वाले उत्खनन् को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से जोड़ा जा रहा है। जिसके अंतर्गत रोड निर्माण में आवश्यक मिट्टी, मुरूम आदि के उत्खनन् की अस्थाई लीज ग्राम पंचायत की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित स्थल पर ही दी जायेगी। उक्त स्थल से उत्खनन् के उपरांत निर्मित हुई संरचना को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत राशि प्रदाय करते हुये तालाब/परकोलेशन टेंक का रूप दिया जायेगा।

dk;Z;kstuk

क्र	गति विधि	नोडल अधिकारी	लक्ष्य		वित्तीय संसाधन		क्रियानवयन ऐजन्सी	भौगोलिक क्षेत्र	समय सीमा	रिमार्क
			गतिविधि का विवरण	संख्या	विभाग/योजना/मद	राशि				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

dUotZUl ls fodkl

1	तालाब / परकोलेशन टेंक निर्माण।	श्री बघेल, खनिज अधिकारी	प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत प्रस्तावित तथा निमार्णाधीन मार्गो के कार्य स्थल पर होने वाले उत्खनन् को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से रोड निर्माण में आवश्यक मिट्‌टी, मुरूम आदि के उत्खनन् की अस्थाई लीज ग्राम पंचायत की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत द्वारा दी जाकर उत्खनन् के उपरांत निर्मित हुई संरचना को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत राशि प्रदाय करते हुये तालाब/परकोलेशन टेंक का रूप प्रदान करना।		NREGA		ग्राम पंचायत	रोड निर्माण हेतु ले–आऊट/ नक्शे अनुसार।	1. प्रस्ताव प्रेषित करना 05.10.09 2. प्रशा.स्वीकृति जारी करना 15.10.09	

ykd LokLF; ,o ;kf=dh foHkkx

मई–जून के माह में डिण्डौरी जिले के कई ग्रामों में पेयजल परिवहन किया जाता है। वहीं कई ग्राम ऐसे है जहां पर पेयजल के स्त्रोतों में फ्लोराईड की समस्या है। लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के पास पर्याप्त अमला न होने के कारण कई हैण्ड पंप विभिन्न कारणों से बंद पड़े हुये है या अन्य पेयजल के स्त्रोतों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस समस्या को देखते हुये कर्न्वजेंस प्लान के अंतर्गत ऐसे सभी ग्राम जहां पर पेयजल की समस्या है उन ग्रामों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी की उपयोजना fue|y uhj अंतर्गत सार्वजनिक कूप स्वीकृत करना।

dk;Z;kstuk

क्र	गति विधि	नोडल अधिकारी	लक्ष्य		वित्तीय संसाधन		क्रियानवयन ऐजन्सी	भौगोलिक क्षेत्र	समय सीमा	रिमार्क
			गतिविधि का विवरण	संख्या	विभाग / योजना / मद	राशि				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	पेयजल कूप निर्माण	कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	Not Covered (NC), Partially Covered (PC), Flouride या अन्य कारणों से पेयजल की समस्या से ग्रसित ग्रामों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी की उपयोजना *fuely uhj* अंतर्गत सार्वजनिक कूप स्वीकृत करना।		NREGA		ग्राम पंचायत	समस्या अनुसार	1. प्रस्ताव प्रेषित करना 05.10.09 2. प्रशा.स्वीकृति जारी करना 15.10.09	
2.	वनग्राम तथा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में लाईनमेन / मेकेनिक की व्यवस्था	संबंधित SDO (PHE)	जिले के समस्व वनग्राम तथा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में लाईनमेन / मेकेनिक की व्यवस्था सुनिश्चित करें।		SGSY		कार्यपालन यंत्री लो.स्वा. या.विभाग	समस्या अनुसार	हितग्राही चयन दिनांक 15.10.09 तक दिनांक 30.10.09 तक प्रशिक्षण	